CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 81 □ रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### भाजपा समाज को बांट रही, हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगेः ममता

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को मौलवियों और मुस्लिम धर्म गुरुओं के साथ बैठक करेंगी। यह बैठक वक्फ संशोधन अधिनियम के संबंध में हो रही है। बैठक कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में होगी। स्टेडियम के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इस दौरान ममता ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन संविधान को कमजोर करने के प्रयास जारी है। भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा पूर्व नियोजित थी। ममता ने कहा कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनाई थी, लेकिन वह विफल रही। मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी। मैं एकता चाहती हूं। मैं समाज को एकसाथ लेकर चलने में विश्वास रखती हूं। हम भाजपा को केंद्र की सत्ता से बेदखल करने के बाद उसके लाए गए सभी जनविरोधी विधेयकों को वापस लेंगे।



### दिल्ली रेल आईजी इस्तीफा देकर आए बिहार, मुकेश सहनी की पार्टी से चुनाव लड़ने की तैयारी

नई दिल्ली, 16 अप्रैल (न्यूज चैनल)। पूर्व आइपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे और आनंद मिश्रा के बाद एक और अधिकारी की बिहार की राजनीति पारी में एंट्री हो चुकी है। सीतामढ़ी के मेहसौल आजाद चौक निवासी नूरुल होदा आज सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी की पार्टी में शामिल हुए। सियासी पारी की शुरुआत करने से पहले वह दिल्ली रेलवे के आईजी पद पर थे। कुछ दिन पहले ही उनका इस्तीफा सरकार ने स्वीकार किया है। बुधवार को पटना मौर्या लोक होटल के सभागार में अपने समर्थकों के साथ मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी में शामिल हुए। मुकेश सहनी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। नूरुल होदा सीतामढ़ी जिले के किसी विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। मुकेश सहनी ने कहा कि नूरुल होदा दो माह पहले हमसे मिले थे। तब उन्होंने बिहार की सेवा करने की बात कही थी।



### राजकोट में ट्रैफिक सिग्नल पर बस ने कई वाहनों को मारी टक्कर, पैदल यात्रियों को भी कुचला; तीन की मौत

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** गुजरात के राजकोट शहर में बुधवार सुबह स्थानीय नगर निगम की ओर से संचालित तेज रफ्तार बस ने ट्रैफिक सिग्नल पर कई वाहनों और पैदल यात्रियों को कुचल दिया। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीसीटीवी फुटेज में इलेक्ट्रिक बस को व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर दोपहिया और कारों सहित वाहनों को टक्कर मारते हुए देखा जा सकता है। पुलिस उपायुक्त (जोन -2) जगदीश भांगरवा ने बताया कि राजकोट नगर निगम (आरएमसी) की ओर से संचालित एक इलेक्ट्रिक सिटी बस ने ट्रैफिक सिग्नल पर कई लोगों को कुचल दिया। इस दौरान बस ने कई चारपहिया और दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। बस ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ-साथ पैदल यात्रियों सहित कई वाहनों को चपेट में लिया। गांधीग्राम पुलिस थाने की इंस्पेक्टर सेजल मेघानी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे इंदिरा सर्किल पर हुई।

# मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली ढेर एके-47 समेत अन्य हथियार बरामद

## सर्च अभियान जारी



**कोंडागांव, 16 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने दो खूंखार नक्सलियों को मार गिराया है. घटना स्थल से हथियार भी बरामद किया गया है. यह मुठभेड़ कोंडागांव जिले के मरकाम पाल में देर रात हुई. जवानों ने नक्सलियों के शव को कोंडागांव ला लिया है. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है. इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार ने की है।

जिला कोंडागांव-नारायणपुर के सीमा से सटे किलम -बरगुम क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर कोंडागांव डीआरजी/बस्तर फाईटर टीम माओवादी विरोधी अभियान पर 15 अप्रैल को निकली थी. अभियान के दौरान शाम को सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई. मुठभेड़ में अब तक दो नक्सली कैडरों के शव बरामद हुए हैं. मुठभेड़ में पूर्वी बस्तर का खूंखार माओवादी कमांडर डीवीसीएम हलदर एवं एसीएम रामे को मार गिराने मे सुरक्षा बलों को कामयाबी मिली है. मारे गये माओवादी पर 8 लाख एवं 5 लाख कुल 13 लाख का इनाम घोषित था. मुठभेड़ स्थल से 01 नग एके-47 राइफल एवं अन्य हथियार, विस्फोटक व माओवादी सामग्री बरामद की गई है. इलाके में सर्च अभियान जारी है।

# सीएम बस्तर संभाग स्तरीय बैठक में शामिल हुए





**जगदलपुर, 16 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में जगदलपुर कलेक्टर कार्यालय में बस्तर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक शुरू हो गई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अरूण देव गौतम, प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित है। बस्तर संभाग के आयुक्त, आईजी पुलिस, सभी जिलों के के कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद हैं। शासन की योजनाओं , उनके क्रियान्वयन और अधिकारियों के परफोर्मेंस की समीक्षा हो रही है। बस्तर को नक्सल मुक्त करने और स्थानीय लोगों को विकास को मुख्य धारा में जोड़ने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रतिबद्ध है।

### जमीन खरीद केस में दूसरे दिन ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की पेशी, बोले- सब वक्त का खेल, समय बदलेगा

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** गुरुग्राम भूमि सौदे के मामले में प्रवर्तन निदेशालय आज भी रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ कर रहा है। इससे पहले बीते दिन वायनाड सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से करीब छह घंटे पूछताछ हुई थी। लगातार दूसरे दिन पूछताछ से पहले जानेमाने कारोबारी ने बुधवार को कहा कि वह इन सबके लिए बहुत मजबूत हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए एक सियासी कार्टून भी पोस्ट किया। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि उनके और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ साजिश रची जा रही है। हमारे खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के तहत कार्रवाई की जा रही है। सब वक्त का खेल है, समय बदलेगा। उन लोगों को भी झेलना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं देश छोड़कर भागने वाला नहीं हूं। मैं सभी सवालों का जवाब दूंगा। मुझे कोई दिक्कत नहीं है, आप जितनी चाहें उतनी एजेंसियों का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जब इसकी जांच हुई तो प्रशासन ने पाया कि कुछ भी गलत नहीं हुआ। खट्टर जी ने मुझे उसी मामले में क्लीन चिट दे दी।



## एनएसएस कैंप में नमाज पढ़ाने पर जीजीयू में बवाल, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

### प्रशासनिक भवन के गेट पर चढ़कर छात्रों ने किया प्रदर्शन



**बिलासपुर, 16 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के एनएसएस कैंप में हिंदू छात्रों को जबरदस्ती नमाज पढ़ाने के मामले में आज छात्रों व हिंदू संगठन के लोगों ने विश्वविद्यालय में जमकर हंगामा मचाया. प्रदर्शनकारी दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं. वाइस चांसलर को हटाने की मांग को लेकर छात्र यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन के गेट पर चढ़कर प्रदर्शन कर रहे. प्रदर्शनकारी जीजीयू नहीं बनेगा जेएनयू के नारे लगा रहे. इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झूमाझटकी भी हुई।

बता दें कि 26 मार्च से एक अप्रैल तक एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें गुरुघासीदास विश्विद्यालय के 159 छात्र शामिल हुए थे. इनमें केवल 4 छात्र मुस्लिम थे, बाकी सभी हिंदू थे. 30 मार्च को ईद के दिन एनएसएस कैंप में जबरदस्ती छात्रों से नमाज पढ़ाई गई थी. छात्रों ने इस मामले की लिखित शिकायत थाने में की थी, जिस पर जांच शुरू हो गई है. वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रो. दिलीप झा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें एनएसएस समन्वयक पद से हटा दिया है. उनके स्थान पर ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग में प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार मेहता को प्रभार सौंपा गया है।

### सीईसी नियुक्ति कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 14 मई को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली, 16 अप्रैल ( न्यूज चैनल )।** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बने कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 14 मई की तारीख तय कर दी है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने मामले पर जल्द सुनवाई की अपील की थी। प्रशांत भूषण ने कहा कि आज सुप्रीम कोर्ट की दिन की कार्यवाही सूची में यह मामला शामिल है, ऐसे में उस पर तुरंत सुनवाई की जाए। हालांकि जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जल भुइंया की सदस्यता वाली पीठ ने मामले पर सुनवाई की तारीख अगले महीने तय कर दी।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि आज पीठ भूमि अधिग्रहण समेत कई अन्य अहम मामलों पर सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि बीती 19 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाले 2023 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख तय की थी। प्रशांत भूषण याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। एडीआर की याचिका में एक कानूनी मुद्दा सवाल उठाया गया है, जिसमें पूछा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में क्या सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के फैसले को माना जाना चाहिए, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष और देश के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली समिति मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करेगी या फिर साल 2023 में बना नया कानून, जिसमें मुख्य न्यायाधीश को समिति से बाहर कर दिया गया है।

## पैरी नदी पार कर गरियाबंद से धमतरी जिले में विचरण कर रहे दो दंतैल हाथी

### वन विभाग की टीम अलर्ट, ग्रामीणों से की सावधानी बरतने की अपील



**धमतरी 16 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** धमतरी जिले में एक बार फिर हाथियों ने चहल कदमी की है। हाथियों की दस्तक के साथ ही वन विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद के जंगलो से दो दंतैल हाथी विचरण करते हुए पैरी नदी को पार करते हुए धमतरी जिले की सीमा में घुस आए है। जिससे वन विभाग निगरानी में जुट गई है. वन विभाग के कर्मचारी गांव गांव जाकर लोगों को सावधान रहने के निर्देश जारी कर रहे हैं. हाथियों की निगरानी के लिए कई कर्मचारियों को भी मौके पर तैनात किया गया है. वन विभाग ने हथबंद, उत्तर सिंगपुर, जलकुंभी, रेंगाडीह, परसाबुडा, राजाडेरा गांव के लोगों को जंगल की ओर जाने से रोका है. इसके साथ ही कोरगांव (कनडबरा), मडेली, चारभांठा, बकोरी, बूढ़ाराव, बानियातोरा, सोनपैरी इन जगहों पर भी लोगों को सुरक्षित रहने हिदायत दी जा रही है. इस संबंध में सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट के डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि दो दंतैल हाथी पैरी नदी पार कर धमतरी की सीमा पर विचरण कर रहे हैं. वन विभाग की टीम लगातार हाथियों पर निगरानी बनाई हुई है. ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

# रायगढ़-बिलासपुर मेमू ट्रेन 25 अप्रैल तक रद्द

**बिलासपुर, 16 अप्रैल ( हाईवे चैनल )।** रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-झारसुगुड़ा में चौथी लाइन जोड़ने के काम के चलते छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनें कैंसिल कर दी गई हैं। 16 अप्रैल से 24 अप्रैल तक रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू कैंसिल. 16 अप्रैल से 24 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू कैंसिल. 16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू कैंसिल.



16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू कैंसिल. 16 अप्रैल से 23 अप्रैल तक टाटानगर से चलने वाली 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस कैंसिल. 16 अप्रैल से 24 अप्रैल तक बिलासपुर से चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस कैंसिल. 16 अप्रैल से 24 अप्रैल तक टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-नेता सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस कैंसिल. 16 अप्रैल से 24 अप्रैल तक नेता सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से चलने वाली 18110 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस कैंसिल.

16 अप्रैल और 23 अप्रैल को संतरागाछी से चलने वाली 20828 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस कैंसिल. 17 अप्रैल और 24 अप्रैल को जबलपुर से चलने वाली 20827 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस कैंसिल. 8 अप्रैल, 22 अप्रैल और 25 अप्रैल को दरभंगा से चलने वाली 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस कैंसिल. 19 अप्रैल और 22 अप्रैल को सिकंदराबाद से चलने वाली 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस कैंसिल. 19 अप्रैल को संतरागाछी से चलने वाली 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस कैंसिल. 21 अप्रैल को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस कैंसिल. 17 अप्रैल और 21 अप्रैल को भुवनेश्वर से चलने वाली 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस कैंसिल. 16 अप्रैल, 19 अप्रैल और 23 अप्रैल को कुर्ला से चलने वाली 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस कैंसिल. 18 अप्रैल को बिलासपुर से चलने वाली 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस कैंसिल. 20 अप्रैल को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस कैंसिल. 18 अप्रैल को हावड़ा से चलने वाली 12870 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस कैंसिल. 120 अप्रैल को मुंबई से चलने वाली 12869 मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस कैंसिल. 16 अप्रैल और 17 अप्रैल को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस कैंसिल।




CMYK